गोवा में डिंडोरी का लोहा : 6 छात्राओं ने इंडो-श्रीलंका कराटे में जीते 9 पदक



डिंडोरी, देशबन्धु। जानकारी अनुसार यह कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड कराटे फेडरेशन की छत्रछाया में संचालित कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में 3-4 अक्टूबर को गोवा के मनोहर पार्रिकर इनडोर स्टेडियम में आयोजित इंडो-श्रीलंका ओपन कराटे चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए डिंडोरी जिले की छह छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया और कुल 9 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

टूर्नामेंट में काता और कुमिते दोनों वर्गों में हुए मुकाबलों में डिंडोरी की खिलाड़ियों ने जमकर दमखम दिखाया। मुख्य रूप से चंद्रविजय महाविद्यालय, डिंडोरी की प्रथम वर्ष की छात्रा मैना वालरे ने 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता। संदीपनी विद्यालय, धन्यवासागर डिंडोरी की कक्षा 12वीं की छात्रा गरिमा भारद्वाज ने काता व कुमिते में 2 रजत पदक हासिल किए। मैकलसुता महाविद्यालय, डिंडोरी की छात्रा दुर्गा अहिरवार ने भी काता व कुमिते में 2 रजत पदक अपने नाम किए। केसरी धुर्वे प्रशिक्षिका, बजाग ने 1 कांस्य पदक जीता। नर्मदा पैरामेडिकल कॉलेज, डिंडोरी की छात्रा दामिनी परस्ते ने 1 रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किया। इन सभी खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर मनीषा बैरागी द्वारा कराटे का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिनके मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हुई। भारतीय टीम का नेतृत्व प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर ने किया, जबकि डिंडोरी के इन युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण रचा। इन सभी खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर मनीषा बैरागी द्वारा कराटे का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिनके मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हुई। भारतीय टीम का नेतृत्व प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर ने किया।

जिले के लिए गौरव का क्षण- डिंडोरी के इन युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण रचा। स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभा को निखारने की इस उपलब्धि को जिले में सराहा जा रहा है।

काता-कुमिते में दिखाया दमखम

टूर्नामेंट में काता और कुमिते दोनों वर्गों में हुए मुकाबलों में डिंडोरी की खिलाड़ियों ने जमकर दमखम दिखाया। मैना वालरे चंद्रविजय महाविद्यालय, प्रथम वर्ष : 1 स्वर्ण, 1 कांस्य, गरिमा भारद्वाज संदीपनी विद्यालय, धन्यवासागर, कक्षा 12 : 2 रजत, दुर्गा अहिरवार मैकलसुता महाविद्यालय : 2 रजत, केसरी धुर्वे प्रशिक्षिका, बजाग: 1 कांस्य, दामिनी परस्ते नर्मदा पैरामेडिकल ने 1 रजत, 1 कांस्य पदक हासिल किया।

सफलता की कहानी : मत्स्य पालन से आत्मनिर्भर बने गंगा सिंह आर्मो



डिंडोरी, देशबन्धु। करंजिया विकासखंड के ग्राम रूसामाल निवासी गंगा सिंह आर्मो के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक बदलाव का माध्यम बनी है। योजना के तहत उन्हें 3.95 लाख रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने 0.6 हेक्टेयर क्षेत्र में तालाब का निर्माण कर मत्स्य पालन शुरू किया। मत्स्य पालन से गंगा सिंह आर्मो को प्रतिवर्ष करीब 6 लाख रुपये की बिक्री प्राप्त हो रही है। लगभग 2 लाख रुपये की लागत के बाद उन्हें 4 लाख रुपये की वार्षिक आय हो रही है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

गंगा सिंह आर्मो ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से उन्हें स्वयं का रोजगार शुरू करने का अवसर मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना उनके लिए रोजगार और नियमित आय का मजबूत आधार बनी है।

पत्नी ने शराब छोड़ने कहा तो क्लर्क पति ने लगा ली फांसी

शहपुरा तहसील में था पदस्थ, सुबह ही पैतृक गांव से लौटा था



डिंडोरी, देशबन्धु। शहपुरा तहसील मुख्यालय में पदस्थ एक क्लर्क ने सोमवार दोपहर अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम पुरुषोत्तम परस्ते (54) था। उनकी पत्नी आरती बाई ने बताया कि पुरुषोत्तम सुबह करीब दस बजे अपने पैतृक गांव बरबसपुर से लौटे थे और शराब के नशे में थे। पत्नी ने उन्हें शराब न पीने की सलाह दी, क्योंकि बच्चे बड़े हो रहे हैं और उन्हें ऑफिस भी जाना होता है।

पड़ोसियों की मदद से खोला दरवाजा

यह सुनकर पुरुषोत्तम दोपहर करीब 12 बजे अपने कमरे में चले गए। लगभग ढाई बजे जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला, तो पड़ोसियों को बुलाया गया। दरवाजा खोलने पर वे पंखे से लटके मिले। पुलिस को सूचना दी गई।

मामले की कर रही जांच

थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक परिसर में पौधरोपण



हटा, देशबन्धु। नगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग के अमले ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। पौधारोपण कार्यक्रम में रखी सेन, एएनएम रूद्रेश प्यासी, संजय बेदोलिया, मिथलेश सनकत, दीपेंद्र पटेल, सफीक खान, उर्मिला विश्वकर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ ने सहभागिता की। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। स्वास्थ्य अमले द्वारा क्लिनिक परिसर में किए गए पौधारोपण से परिसर की हरियाली बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

सेवा सेतु अभियान के तहत वृद्धजनों का सम्मान



हटा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नर्मदा माधव युवक मंडल हटा, जिला दमोह द्वारा सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत संजय वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 10 वृद्धजनों का फूलमाला पहनाकर एवं केले भेंट कर आदरपूर्वक सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में गुलाब रानी पटेल, कुसुम रानी पटेल, गुलाब रानी प्रजापति, कमल रानी पटेल, पूजा बाई यादव, आशा पटेल, कृष्णा लखेरा, शांति पटेल, फूलबाई रजक एवं चमेली चौरसिया शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि रितेश अग्रवाल रहे। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह, ब्लॉक समन्वयक रेखा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना विदुआ एवं स्वाती दीक्षित, परामर्शदाता सुनील सेन, कृष्णकांत लखेरा सहित नर्मदा माधव युवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वृद्धजनों के प्रति सम्मान एवं उनके अनुभवों के महत्व पर चर्चा की गई। संस्था के सदस्यों ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मान से नई पीढ़ी को संस्कार एवं जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलता है।

गांधी जयंती पर दिया स्वच्छता का संदेश हवा में तीन दिन बाद भी सिविल अस्पताल में बिखरा कचरा



हटा, देशबन्धु। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए भाजपा नगर मंडल हटा के तत्वावधान में सिविल अस्पताल परिसर में सेवा एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया था। अभियान में विधायक उमादेवी खटीक, मण्डल अध्यक्ष सौरभ नेमा, पदाधिकारी सहित नगर पालिका का सफाई अमला मौजूद रहा। इस दौरान अस्पताल परिसर और नालियों की सफाई कर कचरा बाहर निकाला गया था।अभियान के दौरान नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे भी मौजूद थे। उन्होंने सफाई अमले को निर्देश दिए थे कि नालियों और परिसर से निकाले गए कचरे को तत्काल उठवाया जाए, ताकि अस्पताल परिसर में दोबारा गंदगी न फैले, लेकिन अभियान को तीन दिन बीत जाने के बाद भी मौके की स्थिति अलग नजर आ रही है। सफाई के दौरान निकाला गया कचरा अब तक वहीं पड़ा हुआ है। कचरे से आसपास गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। सिविल अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान जहां स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था, वहीं सफाई के बाद कचरा नहीं उठाए जाने से अभियान की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

चौपरा पटी और हरदुआ सड़क में बदमाशों का तांडव बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटे जेवर-नकदी



जबेरा/दमोह, देशबन्धु। दमोह जिले के जबेरा और नोहटा थाना क्षेत्रों में लगातार दो रातों में हुई भीषण चोरी और डकैती की वारदातों से पूरा इलाका थर्रा उठा है। चंडी चोपरा (चौपरा पटी) में फोर व्हीलर से आए 4 से 5 नकाबपोश बदमाशों ने घर में अकेली रह रही 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवर व नकदी पार कर दिए। बदमाशों ने महिला के हाथों से चूड़ियां और पैरों से पायल तक छीन ली। वहीं चंद कदम दूर कट्टे-चाकू की नोक पर दूसरे घर में धावा बोला गया। इस खौफनाक वारदात के ठीक अगली रात सीमावर्ती गांव हरदुआ सड़क में भी 7 घरों के ताले तोड़कर लाखों की संपत्ति समेट ली गई।

मुंह दबाकर एक घंटे तक बनाया बंधक, कटर से काटे ताले

पीड़ित बुजुर्ग महिला सुहाग रानी प्रजापति के नाती मुकेश प्रजापति ने बताया कि उनकी दादी घर में अकेली रहती हैं और उनके चाचा काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि करीब 1:00 बजे हाफ पैंट पहने और चेहरे पर नकाब बांधे 4-5 नकाबपोश बदमाश फोर व्हीलर से आए। बदमाशों ने लोहे के दरवाजे के ताले व साँकल कटर से काटे और अंदर घुसकर बुजुर्ग महिला का मुंह दबा दिया ताकि वे चिल्ला न सकें।

बदमाशों ने करीब एक घंटे तक कमरे को खंगाला और पेटी के ताले तोड़कर लगभग 1.5 से 2 किलो चांदी, सोने की पांचाली, अन्य जेवर और 15,000 रुपये नगद लूट लिए। जाते-जाते बदमाशों ने वृद्धा के हाथों की चांदी की चूड़ियां और पैरों की पायल भी उतरवा लीं।

कट्टे की नोक पर दी जान से मारने की धमकी, देर से पहुंची पुलिस

उसी रात बदमाशों ने चंद कदम दूर दूसरे घर की शटरों का ताला तोड़कर धावा बोला। परिजनों का आरोप है कि कट्टा व चाकू दिखाकर चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों का कहना है कि वारदात के तुरंत बाद 112 डायल करने पर 15 मिनट में पहुंचने का आश्वासन दिया गया लेकिन 3 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस नहीं आई।

इनका कहना है

'चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है, हालांकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर डकैती या लूट की पुष्टि से इंकार किया है।

रविंद्र बागरी, थाना प्रभारी, जबेरा

'पीड़ितों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है।'

अर्चना अहीर, एसडीओपी, तेंदूखेड़ा

'हरदुआ सड़क में एक घर में चोरी और दो-तीन घरों के ताले टूटने की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

अभिषेक पटेल, टीआई, नोहटा

जन्म जयंती पर अमर वीरांगना रानी दुर्गावती को किया नमन



तारादेही, देशबन्धु। गढ़ा गोंडवाना की रानी,अमर वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती का कार्यक्रम ग्राम तारादेही में आयोजित किया गया जिसमें तारादेही क्षेत्र के आसपास गांवों के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया सर्वप्रथम अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा रानी दुर्गावती के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को अवगत कराया उन्होंने बताया कि किस प्रकार रानी दुर्गावती ने कुशल रणनीति के साथ अपने राज्य का संचालन किया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शौर्य,साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति है मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर रानी ने इस देश को आजाद कराया है उन्होंने बताया कि अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के गौरवशाली इतिहास से हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए कि किस प्रकार रानी ने कुशल शासक के रूप में अपने राज्य का संचालन किया हम सभी अमर वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन प्रणाम करते हैं इस अवसर पर वल्लू धुर्वे, गिरधारी परस्ते, रमेश पोर्ते, शंकर धुर्वे,वलदेव उइके,नरेश कुलस्ते, महेंद्र पोर्ते, रामनरेश पोर्ते, राजेश सिंह, हाकम मरकाम,हल्लू मरकाम, संतोष सींग,नीतेश, कमलेश, शिवराज, अंकित, बृजेश परस्ते, दुर्गेश सिंह, अभिषेक, अरविंद सिंह, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, धन्नू सींग सहित बड़ी संख्या में जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

12 अक्टूबर को हटा पहुंचेगी सनातन हिंदू एकता रथयात्रा

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में आएगी यात्रा



हटा, देशबन्धु। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में निकाली जा रही सनातन हिंदू एकता रथयात्रा 12 अक्टूबर को हटा पहुंचेगी। यात्रा के हटा आगमन को लेकर नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। यात्रा के दौरान पं. धीरेंद्र शास्त्री का रात्रि विश्राम देव गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम से 11 अक्टूबर को प्रारंभ होने वाली यह रथयात्रा पन्ना, अमानगंज, पवई और मोहंद्रा होते हुए 12 अक्टूबर को हटा पहुंचेगी। हटा में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा 13 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे हिंडोरिया की ओर रवाना होगी। यात्रा के पांच दिवसीय प्रवास की विस्तृत जानकारी पं. धीरेंद्र शास्त्री द्वारा सार्वजनिक की गई है।

दद्दा मंच से होगा हनुमान चालीसा पाठ और दिव्य दरबार-हटा में यात्रा के आगमन के अवसर पर देव गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम को दद्दा मंच से हनुमान चालीसा पाठ तथा दिव्य दरबार आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।

तैयारियों को लेकर बैठक, प्रचार रथ रवाना रथयात्रा की अगवानी और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने पुष्पेंद्र हजारी, देव श्री रामगोपाल जी मंदिर के महंत श्यामदास महाराज सहित अन्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा के स्वागत, श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं और आयोजन स्थल पर की जाने वाली तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। देव गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के साथ ही रथयात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ को भी रवाना किया गया। आयोजकों द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरुकता रैली



डिंडोरी, देशबन्धु। जिला अंतर्गत चंद्र विजय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभाग की शिक्षक एवं प्राचार्य की दिशा निर्देशों पर डिंडोरी जिला में यह की मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा और मतदाता जागरूकता को लेकर प्रभावी रैली निकाली।

रैली में शामिल विद्यार्थियों ने हाथों में 'हेलमेट पहनें, जान बचाएं', 'सीट बेल्ट जरूर लगाएं', 'हर वोट देश का भविष्य', 'जागरूक मतदाता, सशक्त भारत' जैसे तख्तियां उठाईं और मुख्य बाजार व आवासीय क्षेत्रों से गुजरते हुए आम जनमानस को सड़क नियमों के पालन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।

छात्रों ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने, ओवरस्पीडिंग और नशे में ड्राइविंग से बचने की अपील की। साथ ही आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान, युवा मतदाता पंजीकरण और हर वोट के महत्व को रेखांकित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के इस कार्यक्रम में शिक्षकों, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। आयोजकों का कहना है कि इस तरह की रैलियों से न केवल युवा पीढ़ी में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जागृत होता है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा और लोकतंत्र का संदेश पहुंचता है। अभियान के तहत आगामी दिनों में और भी जागरूकता गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक और शिविर आयोजित किए जाने की योजना है, जिनमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ को केंद्र में रखा जाएगा।

रचनात्मक प्रतियोगिताओं में बच्चों से लेकर महिलाओं और पुरुषों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

अग्रसेन जयंती पर प्रतियोगिताओं का रंगारंग आगाज



हटा, देशबन्धु। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को पुरानी अग्रवाल धर्मशाला में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समाज अध्यक्ष उमेश चंद बजाज ने महाराजा अग्रसेन जी का पूजन एवं आरती कर की।

आयोजन के प्रथम चरण में टैटू बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें दो आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रथम वर्ग में 6 से 10 वर्ष की आयु के 24 प्रतियोगी शामिल हुए, जबकि 11 से 15 वर्ष आयु वर्ग में 14 प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों के साथ समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

आयोजन के दौरान पहले आओ, पुरस्कार पाओ के तहत नीशू मयंक बजाज को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आयोजकों ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और उनमें रचनात्मकता एवं सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में सोमवार को सूपा सजाओ एवं टिशू पेपर से फ्लावर बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सूपा सजाओ प्रतियोगिता की प्रायोजक स्वाति जगदीश अग्रवाल तथा टिशू पेपर से फ्लावर बनाओ प्रतियोगिता की प्रायोजक मंजू दिनेश फौजदार रहीं।

पुरानी अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इन सामाजिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रथम दिवस से ही समाजजनों की खासी उपस्थिति दर्ज की जा रही है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज के बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को एक मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।